भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2185
गुरुवार, 12 फरवरी, 2026/23 माघ, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानपत्तनों और हवाई पट्टियों का विकास

2185. डॉ. मोहम्मद जावेदः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2014 से अब तक देश में कितने नए विमानपत्तन निर्मित किए गए हैं और कितनी मौजूदा हवाई पट्टियों को पुनर्विकसित किया गया है;
(ख) उपरोक्त विमानपत्तनों और हवाई पट्टियों में से छह महीने से अधिक समय तक परिचालन बंद रखने वाले विमानपत्तनों और हवाई पट्टियों की तिथि-वार और राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ग) विमान कंपनियों द्वारा परिचालन बंद करने के क्या मुख्य कारण हैं; और
(घ) वर्तमान में ऐसे विमानपत्तनों पर ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों और विमानपत्तनों के कर्मचारियों की विमानपत्तन-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) : वर्ष 2014 से देश में 13 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों को विकसित और प्रचालनरत किया गया है। क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस)- उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के तहत, 95 असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों (17 हेलीपोर्टों और 02 वॉटर एयरोड्रोमों सहित) को विकसित और प्रचालनरत किया गया है।

(ख) से (घ) : वर्तमान में, 'उड़ान' योजना के तहत 15 (पंद्रह) हवाईअड्डे, तीन वर्ष की रियायत अवधि की समाप्ति, खराब दृश्यता की स्थिति, केवल- उड़ान दृश्यता नियमावली (वीएफआर) हवाईअड्डों पर दिन के समय रनवे पर प्रतिबंधों, विमानों की कमी, पट्टे के मुद्दे, एयरलाइनों द्वारा अस्थायी रूप से परिचालन बंद करने, मार्गों के नवीनीकरण और कम यात्री भार जैसे कारकों के कारण गैर-प्रचालनरत हैं।

ऐसे हवाईअड्डों पर तैनात सुरक्षा कर्मियों और हवाईअड्डा स्टाफ की संख्या सहित राज्य-वार, हवाईअड्डा-वार विवरण अनुलग्नक-I में संलग्न है।

अनुलग्नक-I

दिनांक 12.02.2026 के लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2185 के उत्तर में संदर्भित विवरण

तैनात सुरक्षा कर्मियों और हवाईअड्डा कर्मचारियों की संख्या सहित गैर- प्रचालनरत हवाईअड्डों का राज्य-वार और हवाईअड्डे-वार विवरण (दिनांक 01.02.2026 तक)

राज्य	हवाईअड्डा	सुरक्षा कर्मी		हवाईअड्डा स्टाफ
		तैनात सीआईएसएफ	तैनात एपीएलयू/ राज्य पुलिस	तैनात एएआई मैनपावर
पंजाब	पठानकोट	—	40	2
सिक्किम	पाक्योंग	—	53	19
उत्तर प्रदेश	कुशीनगर	—	126	18
	अलीगढ़	—	74	8
	आजमगढ़	—	86	7
	चित्रकूट	—	59	8
	श्रावस्ती	—	91	7
	मुरादाबाद	—	73	8
गुजरात	भावनगर	97	—	35
पंजाब	लुधियाना	—	30	20
मध्य प्रदेश	दतिया	—	64	8
कर्नाटक	कलबुरगि	—	71	27
हिमाचल प्रदेश	शिमला	85	—	21
पश्चिम बंगाल	कूच बिहार	—	49	14
छत्तीसगढ़	अंबिकापुर	—	57	5

******